भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1884**

दिनांक 03.08.2016/12 श्रावण, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**उत्तरी केरल से लापता व्यक्तियों के आई.एस. में शामिल होने का संदेह**

**1884. श्री डी. राजाः**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का ध्यान उत्तरी केरल से लापता हुए एक डॉक्टर, उसकी पत्नी तथा बच्चे सहित 16 मुस्लिमों, जिनके मध्य पूर्व में जाने तथा वहां पर इस्लामिक स्टेट (आई.एस.) जैसे आतंकवादी समूहों में शामिल होने का संदेह है, के बारे में की गई शिकायत की ओर गया है;
(ख) यदि हां, तो क्या उनका पता लगाने और उन्हें वापस लाने के लिए कोई जांच कराई गई है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हंसराज गंगाराम अहीर)**

**(क): जी, हां।**

**(ख) और (ग): केरल पुलिस ने लापता व्यक्तियों, जिनके इस्लामिक स्टेट (आईएस) जैसे आतंकवादी समूहों में शामिल होने का संदेह है, के संबंध में नौ मामले दर्ज किए है और ये जांचाधीन हैं।**

--------